## डीएमएफटी से मिली सड़क को एक गांव से दूसरे मे कार्य शुरू होने से ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा



किस्मत भीलवाड़ा

**रायला** क्षेत्र के ईरास ग्राम पंचायत के लक्ष्मीपुर को डीएमएफटी फंड से 3किमी 3.75 मीटर सड़क का 150.00 लाख कि स्वीकृति पर ईरास भेरुनाथ मंदिर से रायला श्रीराम होटल स्वीकृत होने के बाद 13 मई 2025 विधायक जब्बर सिंह सांखला ने उद्घाटन किया गया है। जो सड़क ईरास भैरू नाथ मंदिर से रायला श्रीराम होटल तक जोड़ने के तय थी, जिसके बाद विधायक जब्बर सिंह से प्रभावशाली लोगो के द्वारा उक्त सड़क को ईरास पंचायत के रामपुरिया से रायला श्रीराम होटल जोड़ने का सर्व करवाकर पुराने सर्वे को बदल दिया है जो लक्ष्मीपुरा वासियो के लिए गलत है। सडक कि सुचना पर सोमवार को भीलवाड़ा जिला कलेक्टर व सांसद दामोदर अग्रवाल से मिलकर पुराने सर्व की जगह पर सड़क बनाने कि मांग पर ज्ञापन सौपा है।इस मोके पर लक्ष्मीपुरा वासियो के लक्ष्मी नारायण शर्मा जगदीश चंद्र दुर्गा लाल गुर्जर राधेश्याम आमेटा देवीलाल गुर्जर लाल गुर्जर लादूराम नानूराम हिंदू गुर्जर रामनिवास गुर्जर हेमराज गुर्जर शंकर लाल प्रजापत नारायण कुमार, दुर्गश गुर्जर, नारायण लाल, मांगीलाल,ओमप्रकाश खटीक, प्रभु लाल गुर्जर ने ज्ञापन दिया।

## संविधान बचाओ आंदोलन को लेकर आसींद ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित

### 21 मई को अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा आयोजित जिला स्तर पर कार्यक्रम पर हुई चर्चा

किस्मत भीलवाड़ा





**आसींद** आसींद कस्बे के ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर आज भीलवाड़ा से आए आसींद विधान सभा के कांग्रेस पर्वेक्षक अनिल राठी ने आसींद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंभुलाल गुर्जर मेफलियास कांग्रेस नगर अध्यक्ष गणेश लाल मेहता की मोजुदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक ली जिसमें बताया गया की कांग्रेस केंद्रीय लेवल से प्राप्त निर्देशों पर पूरे प्रदेश भर में 21 मई को चलाए जा रहे संविधान बचाओ आंदोलन एवं जातिगत जनगणना को लेकर कार्यक्रम के चलते 21 मई भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर भाजपा की जन विरोधी नीतियों और संविधान बचाओ कार्यक्रम के चलते विशाल कार्यक्रम रखा गया है जिसमे पूरे जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे और भाजपा की रीति नीति का विरोध प्रदर्शन करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आसींद विधान सभा पर्यवेक्षक अनिल राठी को साफा बंधाकर स्वागत किया गया। राठी ने बताया कि अब समय आ गया है कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का भाजपा संविधान के खिलाफ षड्यंत्र रचकर संविधान को खत्म करना चाहती है एवं जाति का जनगणना नहीं करना चाहती है इसको लेकर भी आंदोलन किया जाएगा सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को 21 मई के दिन रेलवे स्टेशन अंबेडकर सर्किल से रैली के रूप में रवाना होगी और सूचना केंद्र चौराहे पर राजीव गांधी की पुण्यतिथि को लेकर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित करेंगे एवं जिला मुख्यालय पर ज्ञापन देंगे इस मौके पर निर्मल मेघवंशी ,तेजमल राका, पूर्व पार्षद भेरू सिंह भाटी,नगर अध्यक्ष गणेश लाल मेहता, पारसमल पीपाड़ा, नवरतमल जीनगर, सदरूद्दीन, राधेश्याम सेन, जगदीश चंद्र शर्मा, मदनलाल मेघवंशी,लाला सोनी, सलीम मोहम्मद छिपा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

## "धर्म सर्वव्यापी होता है, उसकी कोई जाति नहीं" - स्वस्ति भूषण माताजी



किस्मत भीलवाड़ा

**सावर** स्वस्तिधाम जहाजपुर की संस्थापक गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ने सावर राजमहल परिसर में आयोजित धर्मसभा में कहा कि धर्म की कोई जाति नहीं होती, वह सर्वव्यापी होता है। बालाचार्य निपूर्णनन्दी महाराज ने अहिंसा, त्याग और तपस्या को जीवन का मार्ग बताया। धर्मसभा से पूर्व चंद्रगिरि अतिसय मंदिर पर शिखर निर्माण की नींव रखी गई और महावीर मंदिर में प्रथम शांतिधारा व अभिषेक हुआ। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह शक्तावत, आशा कंवर, योगेंद्र सिंह शक्तावत सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## नया गांव मीणा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बर्तन बैंक का शुभारंभ



किस्मत भीलवाड़ा

**सावर** ग्राम पंचायत नया गांव मीणा में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त ग्रामीण विकास की दिशा में एक अहम पहल करते हुए बर्तन बैंक का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला देहात महामंत्री रायचंद बागड़ी, विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा व सरपंच रामप्रसाद मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री माला स्वयं सहायता समूह को 450 बर्तनों के सेट प्रदान किए गए। बर्तन बैंक संचालन हेतु ग्राम पंचायत व समूह के बीच एमओयू भी हुआ। अतिथियों ने इस योजना को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक

**आकोला** भारतीय किसान संघ की जिला बैठक आज भीलवाड़ा कार्यालय पर आयोजित की गई ग्राम स्तर पर भूमि सुपोषण कार्यक्रम करने व जैविक खेती करने के लिए किसानों को संकल्प दिलाने के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए योजना बनाई गई जिले की 20 तहसील इकाइयों पर प्रतिमाह बैठकर करने व जैविक खेती करने का संकल्प दिलाने की योजना बनी । प्रांत संगठन मंत्री परमानंद ने बताया कि प्रत्येक गांव तक संगठन को मजबूत करना है । प्रांत महामंत्री अंबालाल शर्मा ने बताया कि जिले की प्रत्येक पंचायत स्तर पर संगठन की इकाई को प्रभावी बनाना है सरकार से मांग की गई कि आने वाले समय में किसानों को खाद बीज अच्छी गुणवत्ता के साथ समय पर उपलब्ध हो । प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट ने बताया कि किसान संघ को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है इसके लिए सभी तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित होंगे । प्रांत विधि प्रमुख वकील भागू लाल गुर्जर ने बताया कि जिले को पांच भागों में बांटकर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की । भीलवाड़ा जिले में बहने वाली नदियों बनास कोठारी खारी मानसी को जल योजना में जोड़कर पानी पहुंचाया जावे ताकि खेती के लिए प्रत्येक खेत तक पानी पहुंच सके । जिला मंत्री लादू लाल जाट ने बताया कि बैठक में प्रांत मंत्री ओमप्रकाश आमेटा जिला प्रचार प्रमुख श्यामलाल सुथार जिला बिजली प्रमुख श्यामलाल खटीक जिला युवा प्रमुख बाबूलाल जिला राजस्व प्रमुख पुष्कर मीणा सहकारिता प्रमुख सावत लाल जिला कोषाध्यक्ष शिव पगारिया तहसील अध्यक्ष कन्हैया प्रजापत मंत्री भेरू दगोलिया उपस्थित रहे जिला कार्यालय प्रमुख भेरुलाल गुर्जर ने कार्यक्रम में सभी तरह की व्यवस्था देखी।

## पालघर में सैनिकों के सम्मान में शिवसेना की विशाल तिरंगा रैली

किस्मत भीलवाड़ा

**पालघर** कश्मीर के पहलगांव में गत माह हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतवासीयो की मौत को लेकर पूरे देश में आक्रोश हुआ। जिसे लेकर केंद्र द्वारा देश की सेना को पाकिस्तान पर करवाई का आदेश दिया। देश की वायु सेना, थल सेना जल सेना सभी ने मिल आपरेशन सिंदूर से आक्रामक भूमिका लेकर पाकिस्तान पर जोरदार हमला किया। सेना द्वारा शौर्य का पराक्रम दिखाने पर शिवसेना शिंदे गुट द्वारा उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पूरे महाराष्ट्र में तिरंगा रैली का आयोजन किया। जिसे लेकर पालघर जिला मुख्यालय पर तिरंगा रैली निकाली गई। रैली पालघर के छत्रपति शिवाजी चौक से शुरू हो पांच बती शहीद चौक पर सम्पन्न हुई। रैली में देश का प्यारा तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय के नारे से पालघर गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में बोईसर विधायक विलास तरे, शिवसेना जिलाध्यक्ष कुंदन सखे, वसंत चव्हाण, शिवसेना नेता केदार काले, पूर्व विधायक मनीषा निमकर, अमित घोड़ा, पूर्व जिला प्रमुख वैदेही वाडान, भारती कॉमडी,युवा सेना जिलाध्यक्ष साईं राज पाटिल, पूर्व चेयरमैन उत्तम घरत, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष नगरवासी व शिव सैनिक उपस्थित रहे।



### सड़क हादसे के बाद ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## क्षतिग्रस्त टोल मार्ग की मरम्मत की मांग को लेकर किया राजमार्ग जाम

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** केकड़ी-भीलवाड़ा टोल मार्ग पर उगाई गांव के पास सोमवार को एक सड़क हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सड़क की बदहाल हालत से नाराज़ ग्रामीणों ने मौके पर ही केकड़ी भीलवाड़ा राजमार्ग को जाम कर दिया और टोल रोड की मरम्मत की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रशासन की समझाईश व सडक की शीघ्र मरम्मत के आश्वासन के बाद खुला जाम प्राप्त जानकारी के अनुसार, उगाई गांव के समीप टोल मार्ग पर एक वाहन टूटी सडक के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और यात्री घायल हो गए। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और टोल प्रबंधन व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्ग को जाम कर दिया।




**ग्रामीणों ने आरोप लगाया की टोल वसूली तो होती है, लेकिन सडक की मरम्मत नहीं होती**

ग्रामीणों का कहना है कि टोल वसूली के बावजूद भी सडक की मरम्मत नहीं की जा रही ना ही नियमनुसार अन्य सुविधाए उपलब्ध करवाई जाती है 7 सड़क अनेक स्थानों से उखड़ी हुई है, गहरे गड्ढे बने हुए हैं और सड़क किनारे झाड़ियां तक नहीं काटी गईं। ऐसे में आए दिन हादसे होते रहते हैं, और आमजन की जान से खिलवाड़ होता है उसके बाद भी प्रशासन मूक दर्शक बना बैठा है

**प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने रखी ये मांगे**

टोल मार्ग की तत्काल मरम्मत हो

**गड्ढों को प्राथमिकता से भरा जाए**

ज़ब तक सडक की मरम्मत नहीं हो जाए तब तक टोल वसूली पर रोक लगाई जावे

**प्रशासन मौके पर पहुंचा, समझाइश के बाद खुला मार्ग**

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से समझाइश की और मरम्मत कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने राजमार्ग से जाम हटाया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## संसार के लिए नहीं बल्कि भगवान के लिए नाचिये-अशोक भाई

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** कोटड़ी सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय सत्संग कार्यक्रम के दूसरे दिन महाराज श्री अशोक जी ने प्रवचन करते हुए बताया कि मनुष्य जीवन एक बार मिलता है जिसमें पर हित के कार्य, दूसरो की भलाई, गौ रक्षा की सेवा करनी चाहिए तथा संसार की मोह माया त्याग कर परमात्मा की सेवा करना महत्वपूर्ण कार्य हैं लेकिन आज का मनुष्य इन सब को भूल चुका है यहां तक की जिसने जन्म दिया उनको भी भूलकर वह संसार की मोह माया में भटक गया वह धन के पीछे भाग रहा वह धन के पीछे पागल हैं मनुष्य जीवन में अगर हमें उद्धार करना है, पुण्य प्राप्त करना है तो परमात्मा की भक्ति के लिए पागल होना चाहिए और उसमें संसार की नहीं भगवान के लिए लगन, श्रद्धा से ही प्रतिफल की प्राप्ति होगी और प्रभु की भक्ति से प्राप्त होगा मनुष्य जीवन एक अनमोल जीवन हैं ! मीरा ने भक्ति की कृष्ण की प्राप्ति हुई, शबरी ने भक्ति की प्रभु राम के दर्शन प्राप्त हुए ,जटायु में भक्ति की उद्धार हुआ ऐसे अनेकों उदहारण है जो बताते हैं भक्ति करने पर प्रभु की प्राप्ति हुई हैं हम सभी को यह ध्यान में रखते हो अपना मन भी भगवान की भक्ति में लगाना चाहिए जिससे मनुष्य जीवन का उद्धार हो ओर जीवन सफल हो ! सत्संग कार्यक्रम में आसपास के जिलों से भी भक्तगण पधारे और सैकड़ो भक्तों ने सत्संग आनंद लिया

## गुलाब बाबा ऐतिहासिक स्थल का विधार्थियो ने किया भ्रमण कर सफाई कार्य



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे समाज सेवा शिविर पवित्र धार्मिक स्थल श्री गुलाब बाबा की धूणी पर मुख्य अतिथि धनराज गुर्जर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि ममता गुर्जर पूर्व छात्रकुल अध्यक्षा व प्रिया गुर्जर के आतिथ्य में सेवा कार्य किया गया । संस्था प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि समाज सेवा शिविर के अंतर्गत गुलाब बाबा के पवित्र ऐतिहासिक स्थल का इतिहास जाना और साफ- सफाई का कार्य किया। मुख्य अतिथि धनराज गुर्जर ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में सेवा भाव एक ऐसा कार्य है जिसके माध्यम से सारे काज साधे जा सकते हैं। विद्यार्थी को निरंतर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते रहना चाहिए। कम अंक लाने वाला विद्यार्थी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना अव्वल प्रदर्शन कर सकता है शिक्षा और संस्कारों में कोई कमी नहीं रहे। शिक्षा व संस्कार समाज को मजबूत बनाने में अपना मूल्य योगदन देते हैं। विद्यालय में संचालित गतिविधियों तारीफ की। शिविर प्रभारी लाल साहब सिंह ,अरविंद लड्ढा, मुकेश सेन ,राकेश शर्मा, सरोज शर्मा,जितेंद्र आंचलिया, जितेंद्र प्रजापत सहित स्टाफ मौजूद थे।

## ग्रामीण महिलाओं का चंबल प्लांट पर जोरदार प्रदर्शन, अधिकारियों को सुनाई खरी- खोटी

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा।** जिले की ककरोलिया माफी ग्राम पंचायत के ग्रामीण इन दिनों भीषण गर्मी के बीच पीने के पानी की गंभीर किल्लत से जूझ रहे हैं। गांव में पानी की आपूर्ति बेहद अनियमित हो गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि लोग मजबूरी में पानी खरीदकर पी रहे हैं, वहीं पालतू पशु भी पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। पानी की इस समस्या से त्रस्त होकर सोमवार को ककरोलिया माफी गांव की दर्जनों महिलाएं एकजुट होकर टेक्सी में सवार होकर 11 किलोमीटर दूर कोटड़ी उपखंड मुख्यालय स्थित चंबल प्लांट पहुंचीं। वहां उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि गांव में महीने में महज चार दिन ही पानी की आपूर्ति होती है, वो भी मात्र 10 से 20 मिनट के लिए और अक्सर तय समय पर भी नहीं आती। महिलाओं ने आरोप लगाया कि चंबल पाइपलाइन से कई अवैध कनेक्शन लिए गए हैं, जिससे गांव को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि इन अवैध कनेक्शनों को तुरंत हटाया जाए और पानी की आपूर्ति को नियमित किया जाए। महिलाओं ने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि यदि तय समय में पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही समस्या की गंभीरता को समझते हुए ठोस कदम उठाएगा, ताकि उन्हें और उनके पशुओं को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

## रायला थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर गिरफ़्तार

किस्मत भीलवाड़ा

**रायला** भीलवाड़ा जिले की रायला थाना पुलिस ने तस्करों की फिर एक बार ओर कमर तोड़ दी है। जैसे-जैसे तस्कर तस्करी करने के नए-नए हथकंडे जुगाड़ अपना रहे हैं, वैसे-वैसे पुलिस भी इन तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है पुलिस ने नाकाबंदी के दोरान एक कोरियर लोडिंग टेंपो से 172.310 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थानाधिकारी बच्छराज चौधरी व कांस्टेबल नारायण सालवी का विशेष योगदान रहा है पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए रायला थाना प्रभारी बछराज चौधरी टीम के साथ थाने के बाहर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थें वही नाकाबंदी के दौरान कोरियर लोडिंग टेम्पो RJ09 GD 9682 शेखावाटी कोरियर कार्गो नाम का टेम्पो आता हुआ दिखाई दिया जिसकी तलाशी ली तो चालक द्वारा सन्तोषपद जवाब नही दिया गया जिसके चलते तलाशी लेने पर पैकिंग काटून में अवैध मादक प्रदाथ डोडा चुरा भरा हुआ था। जिसकी कीमत बाजार में लाखों रु आंकी जा रही है। आरोपी तस्कर 24 वर्षीय कोतवाली थाना चितोड़ निवासी अमन खान पिता अनवर मिराशी को गिरफ्तार किया है। पहले भी कर चुके हैं बड़ी कार्रवाई थानाधिकारी बच्छराज चौधरी और कांस्टेबल नारायण सालवी व राजेश के विशेष योगदान के चलते कुछ दिनों पहले ही रायला थाने के बाहर नाकाबंदी में चंदन की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा था जो जिले में सबसे बड़ी अहम कार्यवाही थी । रायला क्षेत्र में इनकी कार्यशैली को लेकर लोगों में विश्वास और तस्करों में खौफ है।

## बैलो से खेती करने वाले किसानों को मिलेगा ?30,000 का वार्षिक प्रोत्साहन, सरकार की नई योजना

किस्मत भीलवाड़ा

**जयपुर,** राज्य सरकार ने पारंपरिक कृषि पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैलों से खेती करने वाले किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत ऐसे किसानों को प्रतिवर्ष ?30,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह पहल उन किसानों के लिए राहत लेकर आई है जो आधुनिक तकनीक के बजाय अब भी पारंपरिक तरीकों से खेती करना पसंद करते हैं। योजना का मकसद पारंपरिक कृषि को संरक्षण देना और किसानों की आमदनी में इजाफा करना है। इन दस्तावेजों की होगी आवश्यकता ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की जरूरत होगी जनआधार कार्ड, बैलों की जोड़ी के साथ किसान की फोटो, बैलों का पशु बीमा और इयर टैगिंग, बैलों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, ?100 का शपथ पत्र, ई-साइन युक्त जमाबंदी ।



**ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन**

किसान राज किसान साथी पोर्टल के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्हें पोर्टल पर लॉगिन करके उपरोक्त दस्तावेज अपलोड करने होंगे और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर जमा करना होगा।

सरकार का उद्देश्य

राज्य सरकार का मानना है कि यह योजना न केवल किसानों को आर्थिक सहयोग देगी, बल्कि पारंपरिक कृषि विधियों को भी संरक्षित करेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा और पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा मिलेगा।

## महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्थान आसींद की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

किस्मत भीलवाड़ा

**आसींद,** महावीर इंटरनेशनल सेवा संस्थान की बैठक महावीर विशांतिग्रह कार्यालय पर संपन्न हुई। आगामी 2 वर्ष के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन कर सभी को शपथ दिलाई गई। मीडिया प्रभारी पूरणमल चौधरी ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी में नए पदाधिकारी अध्यक्ष खुबिलाल सोनी, सचिव रामप्रसाद मेवाड़ा, संरक्षक विजयराज कर्णावट, सरंक्षक एवं बेबी किट प्रभारी प्रकाशचंद चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बोयताराम बलाई, उपाध्यक्ष पारसमल तातेड, उपाध्यक्ष नारायण लाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुरेशकुमार सोनी, मीडिया प्रभारी पूरणमल चौधरी, संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश प्रजापत, पौधारोपण एवं पर्यावरण के लिए रमेशचंद टेलर एवं




अशोक कुमार जीनगर, विधिक परामर्शदाता रामस्वरूप शर्मा, मार्गदर्शक पारसमल ओस्तवाल, रामजस पाराशर, सुरेशचंद पारीक, लक्ष्मीलाल बंब को मनोनीत किया गया ,इन सभी को मनोहरसिंह चूंडावत ने शपथ दिलाकर पद ग्रहण करवाया,और कहा कि सभी को एकजुट रहकर सेवा कार्य में हमेशा आगे रहना है। सचिव रामप्रसाद मेवाड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं आगामी 5, व 6 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल एपेक्स स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्वर्ण जयंती समारोह जयपुर में आयोजित हे सभी पदाधिकारियों को समारोह मे सम्मिलित होने के लिए निवेदन किया।

## मांडलगढ़ में ब्लॉक कांग्रेस बैठक आयोजित हुई

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** मांडलगढ़ एआईसीसी एवं पीसीसी के निर्देशानुसार संविधान बचाओ और समय पर जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा द्वारा जिला स्तर पर रेली का आयोजन 21 मई को किया जा रहा है इस संबंध मे ब्लॉक कांग्रेस मांडलगढ की बैठक आयोजित की गई बैठक मे जिला कांग्रेस द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक श्रीमती मंजू पोखरना ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया की दिनांक 21 मई को जिला कांग्रेस के आह्वान पर संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेना है। मीटिंग में रफीक मोहम्मद टांक पूर्व कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अलका लढा जिला उपाध्यक्षमहिला कांग्रेस पुष्पा मेहता अलका शर्मा जिला महिला कांग्रेस रशिद आसम नगर कांग्रेस अध्यक्ष भेरूलाल शर्मा जीएसएस डायरेक्टर दीपक नायक पार्षद सत्यनारायण माली विनोद धोबी गणपत बलाई अब्दुल कयूम लोहार रवीना बोरदिया मोहसिन खान अशफाक हुसैन सद्दाम हुसैन शोएब अख्तर कार्यकर्ता मौजूद रहे।।



## उपमुख्यमंत्री आज रहेंगे भीलवाड़ा के एक दिवसीय दौरे पर

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा ।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा 20 मई 2025 (मंगलवार) को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री बैरवा प्रातः 11 बजे जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 2:30 बजे सर्किट हाउस भीलवाड़ा पहुंचेंगे। इसके बाद सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे व शाम 5:30 बजे नगर निगम में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे तत्पश्चात सायं 6:30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कोदूकोटा सरपंच का उप चुनाव 8 जून को

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में एक जून से 31 दिसंबर 2024 तक विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिले की सुवाणा पंचायत समिति की कोदूकोटा पंचायत में रिक्त हुए सरपंच के उप चुनाव के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 20 मई 2025 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी की जायेगी। 26 मई 2025 तक प्रातः 10 से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देषन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेगे। 27 मई को प्रातः 10 बजे से नाम निर्देषन पत्रों की संवीक्षा होगी। 27 मई को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। 27 मई को चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची प्रकाषन होगा। 8 जून रविवार को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा। 8 जून को मतदान समाप्ति के पश्चात पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी।

## श्री राम मंडल सेवा संस्थान द्वारा ग्रीष्म ऋतु में गौ सेवा हेतु पानी की टंकियों का वितरण

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** ग्रीष्म ऋतु की तीव्र गर्मी को देखते हुए श्री राम मंडल सेवा संस्थान द्वारा गायों के लिए पानी पीने की टंकियों का वितरण कार्यक्रम सुभाष नगर थाना क्षेत्र, शिव मंदिर के पास, प्रज्ञा भवन के पीछे, संजय कॉलोनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी लालचंद कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:00 बजे संस्था अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता एवं पार्षद कैलाश मुन्धड़ा द्वारा विधिवत रूप से की गई। कार्यक्रम के दौरान गौसेवा के प्रति जनभावनाओं को देखते हुए टंकियां प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। संस्था ने नामों की सूची बनाकर व्यवस्थित तरीके से 101 पानी की टंकियां वितरित कीं। संस्थान ने यह भी आश्वासन दिया कि जिन लोगों को इस चरण में टंकी नहीं मिल सकी, उन्हें शीघ्र ही आवश्यकता अनुसार नई टंकियां बनवाकर वितरित की जाएंगी। इस पुण्य कार्य में संस्था के मुकेश वर्मा, चैन सिंह चौहान, यशवंत जैन, सत्यनारायण चोखड़ा, अशोक अग्रवाल, हंसराज जैन, बनवारी माली, प्रहलाद शर्मा, दिनेश लखोटिया, मनोज अग्रवाल सहित महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता शर्मा, पिंकी सोनी, खुशी कुमावत, मुन्नी कुमावत व अन्य सदस्य तथा संजय पारीक, प्रशांत पारीक, सुभाष शर्मा, गोपाल शर्मा, सुरेश शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, संजय कुमावत आदि की सक्रिय सहभागिता रही। संस्थान के इस सेवा कार्य की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की और गौसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।



## पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज में समाज सेवा शिविर का तीसरा दिन सम्पन्न

किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज में चल रहे 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर के तृतीय दिवस छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण की सफाई की गई। शिविर प्रभारी अशोक कुमार मीणा, दिनेश सुथार व रमेश कुमार मीणा ने तृतीय दिन की कार्ययोजना के अनुसार गतिविधियों का संचालन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को सेवा के महत्व की जानकारी देते हुए मनोयोग से सेवा करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विवेक मीणा ने छात्रों को जल संरक्षण की महत्ता बताई। कार्यक्रम में प्रभारी भवरेश, कार्यालय प्रभारी चन्द सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी व रविंद्र सिंह, गोपाल सहित कई शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



## वेतन विसंगति दूर करने के आदेश से शिक्षकों में खुशी की लहर

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज।** सीधी भर्ती से नियुक्त वरिष्ठ कार्मिकों की वेतन विसंगति दूर करने को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारंभिक शिक्षा सिरोही द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के तहत समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों, पीईईओ और यूसीईईओ को निर्देशित किया गया है कि आवश्यक कार्यवाही आहरण-वितरण अधिकारी स्तर से की जाए। प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेंद्र गहलोत ने बताया कि पूर्व में इस मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन आदेश में देरी होने के कारण 15 मई को स्मरण पत्र दिया गया। संगठन की सक्रियता के चलते अंततः आदेश जारी होने पर शिक्षकों और संगठन ने प्रसन्नता जताई है। शिक्षक संघ ने संयुक्त निदेशक एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) सिरोही का आभार व्यक्त करते हुए इसे शिक्षक हित में सराहनीय कदम बताया।

## श्री सुधासागर स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

किस्मत भीलवाड़ा



केकड़ी, 19 मई। श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 9वीं व 11वीं कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वाणिज्य वर्ग में भूमि लालवानी प्रथम रही, जबकि विज्ञान वर्ग में अक्षय सागर ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में श्रेया माहेश्वरी व त्रिलोकचंद कुमावत ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में सचिव आनंद सोनी व समिति सदस्य विनोद पाटनी ने दीप प्रज्वलन कर शुरुआत की। प्रधानाचार्य एस.एन. खंडेलवाल ने परिणाम?? किया। अध्यक्ष संजय कटारिया व निदेशक अजय जैन ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा ने मनाई पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300.वीं जयंती

# सनातन की पुनर्स्थापना की अग्रदूत रही रानी अहिल्याबाई होलकर - विशाल पार्थ

ह्यह्यह्यकिस्मत भीलवाड़ा









**भीलवाड़ा** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष में जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में हुआ। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ ने कार्यशाला में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक तीर्थ स्थलों का पुनरूद्धार करवाया, वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है। प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि रानी अहिल्या बाई धर्म के प्रति संवेदनशील थी, उतनी ही न्यायप्रिय थी। वे सुशासन, सामाजिक सुरक्षा एवं सांस्कृतिक उत्थान के क्षेत्र में किए गए अपने कार्यों के लिए लोकमाता के रूप में समाज में पूजित एवं प्रतिष्ठित हुई। उन्होंने अपने जीवन में शुचिता एवं सादगी की ऐसी मिशाल कायम की, जिसकी आज भी शपथ ली जा सकती है। राकेश पाठक ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासन काल में अपने पराक्रम के साथ-साथ समाज की कुरीतियों को समाप्त करने और समाज को समर्थ बनाने की दिशा में अभिनंदनीय कार्य किया। कार्यशाला का संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किया। आभार कार्यशाला संयोजक ऋतुशेखर शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजकुमार आंचलिया, भगवती प्रसाद जोशी, कार्यशाला सहसंयोजक आरती कोगटा, मंजू पालीवाल, सदस्य भगवत सिंह खैराबाद, नंदलाल गाडरी, आरती कोगटा सहित प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, अमित सारस्वत, सुरेंद्र सिंह मोटरास, एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित, वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति रही चर्चित

किस्मत भीलवाड़ा



**बिजोलिया।** कस्बे के ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर सोमवार को भीलवाड़ा जिला कांग्रेस की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक रामफूल धाकड़ ने बिजोलिया ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में बताया गया कि कांग्रेस के केंद्रीय निर्देशों के अनुसार 21 मई को भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरोध में तथा "संविधान बचाओ" रैली और जाति जनगणना जल्द करवाने की मांग को लेकर एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूरे जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे और भाजपा की नीतियों का विरोध करेंगे। हालांकि बैठक में वरिष्ठ एवं ब्लॉक कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं की अनुपस्थिति खास चर्चा का विषय रही। एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने बताया कि जिला पदाधिकारी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में सीनियर नेताओं को नजरअंदाज कर, जूनियर कार्यकर्ताओं को पर्यवेक्षक बनाकर भेज रहे हैं, जिससे संगठन की छवि धूमिल हो रही है। इसके चलते कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है और कांग्रेस संगठन के प्रति आस्था में कमी देखने को मिल रही है।बैठक में जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, गोपाल सिंह राव, बालकिशन खटीक, रणजीत सिंह कानावत, विशाल तिवारी, दिनेश पालीवाल, गोपाल लाल बैरागी, बाबूलाल नायक, सत्तर पोद्दार, राहुल सेठिया, सुरेंद्र मेवाड़ा, मनीष टॉक, परमानंद धाकड़, फूल सिंह यादव, दीपक यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संयम लोढा ने भाजपा सरकार पर बोला हमला, कहा- पूछो आतंकवादी कहां से आये और कहां गायब हो गए

किस्मत भीलवाड़ा



**सिरोही।** नगर कांग्रेस की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार और वरिष्ठ कांग्रेस नेता संयम लोढा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि आतंकवादी कहां से आए, कैसे आए और फिर कहां गायब हो गए। उन्होंने कहा कि जिनके सामने पिता को मारा गया, उनकी पीड़ा को समझना चाहिए। फौज की बहादुर अफसर कर्नल साफिया कुरैशी को बदनाम करना निंदनीय है और भाजपा नेताओं के ऐसे बयानों की जिम्मेदारी पार्टी को लेनी चाहिए। लोढा ने कहा कि वे हार-जीत से प्रभावित नहीं होते, वे 24 घंटे जनता के लिए समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिरोही कांग्रेस का परंपरागत क्षेत्र रहा है और अब उसे फिर से मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा संविधान बदलने की बात करना लोकतंत्र के लिए खतरा है, लेकिन देश की जनता ने उन्हें 400 पार का सपना पूरा नहीं करने दिया। लोढा ने कहा कि सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर भाजपा आलोचकों को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने गुजरात समाचार के मालिक पर ईडी रेड का उदाहरण देते हुए कहा कि सच बोलने वालों को डराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आमजन के दुख-दर्द में भागीदार बनें, वार्ड स्तर पर योजनाएं बनाएं और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ें। बैठक में कई अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## सकुशल चार धाम तीर्थ यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं का किया स्वागत

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा =** चार धाम तीर्थ यात्रियों काश्री संकट मोचन बालाजी मंदिर बालाजी चौक में स्वागत किया गया। चार धाम तीर्थ यात्रियों ने 11 दिवसीय उत्तराखंड की यात्रा सकुशल,संपूर्ण कर सोमवार को लौटने पर श्री संकट मोचन बालाजी के दर्शन किए। बालाजी मंदिर महन्त पवन दास वैष्णव ने तीर्थ यात्रियों के तिलक लगाकर माला दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। यात्रियों में डॉ दीनदयाल गुप्ता, नंदकिशोर धाकड़ कंपाउंडर, रामपाल खंडेलवाल, अनीता खंडेलवाल, राखी गुप्ता, नीता गुप्ता, गोपाली धाकड़ शामिल थे। इस दौरान पर पुजारी अजय वैष्णव ,भक्त नारायण माली सहित भक्तजन मौजूद थे।

## भाविप शाखा के अभिरुचि शिविर में बच्चों ने सीखे आत्म रक्षा के गुर

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** स्थानीय भारत विकास परिषद शाखा द्वारा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे अभिरुचि शिविर के तीसरे दिन, शिविर में तरुण खत्री के नेतृत्व में बच्चों को आत्मरक्षा के गुरु सिखाए गए, मोटिवेशनल सत्र में श्रीमती ऋतु नुवाल ने गीता श्लोक, गीता ज्ञान उपदेश से जीवन को कैसे जिया जाय , इसके संदर्भ मे उपयोगी सारगर्भित जानकारी बच्चों को देकर , कुछ प्रश्न भी पूछे , जिसमें सही उत्तर देने वाले 5 चयनित बच्चों को श्रीमती मुन्ना देवी अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया, ब्यूटीशियन में प्रियंका टेलर, शिल्पा राठौड़ ने आर्ट ओर क्राफ्ट में,मानसी जेशवानी और सेम ने डांस, मेंहदी में सपना तोषनीवाल ने सभी शिविरार्थियों को अपनी विधाओं के माध्यम से सभी का ज्ञान सृजित और वर्धन करने का कार्य किया,इस अवसर पर परिषद परिवार से सम्पत व्यास,कन्हैया लाल सोनी,शिव दयाल डाड,मुन्नी देवी जागेटिया, सोनिया शर्मा,संगीता सोनी,सुनीता पंचारिया,मीनाक्षी भाटिया,पिंकी शर्मा,वंदना लड्डा, भगवती मूंदड़ा, कीर्ति लड्डा , अंजलि नवाल आदि सदस्य मौजूद थे।

## सांखलिया स्कूल में समाज सेवा शिविर में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**शाहपुरा/** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांखलिया में दिनांक 17 मई 2025 से 31 मई 2025 तक कुल 15 दिनों तक समाज सेवा शिविर का आयोजन होगा यह शिविर कक्षा 11 उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के आदेशानुसार लगाया जाता है शिविर प्रभारी हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि आज दिनांक 19 मई 2025 को तृतीय दिवस को प्राकृतिक आपदाओं में सावधानिया बताई गई साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया इसके अंतर्गत अहिल्या बाई होल्कर समूह एवं भगत सिंह समूह बनाए गए प्रथम स्थान अहिल्या बाईं होलकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसमें शिवानी वैष्णव, नितिन गुर्जर, सुगना, राजकुमार कुमावत, विनोद कुमावत, सुरमा कुमावत, नीलम कुमावत, कालू कुमावत, निरमा कुमावत, कन्हैया लाल ने प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया

## आध्यात्मिक ऊर्जा से सरोबार हुवा नाइलीट कैंपस तेरापंथ साध्वियों ने छात्रों को दिए जीवन निर्माण के सूत्र

किस्मत भीलवाड़ा

केकड़ी छात्र जीवन केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि यह आत्मविकास, उद्देश्य और संतुलन की दिशा में पहला कदम होता है इसी भावना को साकार करते हुए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (NIELIT) के केकड़ी परिसर में सोमवार को एक विशेष आध्यात्मिक सत्र आयोजित हुआ।इस अवसर पर तेरापंथ धर्मसंघ की तीन विदुषी साध्वियों – साध्वी लक्ष्य प्रभा (एमए, गोल्ड मेडलिस्ट), साध्वी नव्य प्रभा (एमए) एवं साध्वी उन्नत प्रभा (पीएचडी) – ने विद्यार्थियों को जीवन से जुड़े गहरे और व्यावहारिक संदेश दिए। ये तीनों साध्वियां जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें आचार्य श्री महाश्रमण जी के निर्देशन में देशभर में पदयात्रा कर अहिंसा, संयम और करुणा का संदेश दे रही हैं। साध्वीजी ने अपने उद्बोधन में बताया कि महाप्राण ध्वनि का प्रतिदिन नौ बार उच्चारण करने से मस्तिष्क की निष्क्रिय नसें (न्यूरॉन्स) सक्रिय होती हैं, जिससे विद्यार्थियों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और सोचने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने ध्यान, आत्मचिंतन और सीमाओं को तोड़ने जैसे विषयों पर भी छात्रों को गहराई से प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने साध्वीजी के विचारों को गंभीरता से सुना और जीवन में उनका अनुसरण करने का संकल्प लिया।

## गोकुल मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन, पौधा-रस्म के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज।** केरलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित बैठक के दौरान गोकुल मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। मंडल के पूर्व अध्यक्ष गोविंद माली की अध्यक्षता में हुई बैठक में मनीष सोनी को अध्यक्ष, सतीश चौहान को उपाध्यक्ष, सुरेश प्रजापत को कोषाध्यक्ष, अर्जुन गेहलोत को मंत्री और राणु गोस्वामी को संयोजक नियुक्त किया गया। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष मनीष सोनी को रेड बैरी क्रोटन का पौधा भेंट कर "पौधा-रस्म" निभाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पशु-पक्षियों की सेवा के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा भी आवश्यक है और सभी कार्यकर्ताओं को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। पूर्व अध्यक्ष गोविंद माली ने नई कार्यकारिणी को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में निर्जला एकादशी पर भजन संध्या आयोजित कर पशु-पक्षियों की सेवा का प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर कपुरजी सोनल, सुरेन्द्र सोनी, संजय सुथार, मुकेश कुमावत, रवि सैन, कैलाश बारोलिया, भावेश सोनी, आयुष शर्मा, नरेश सोनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवगठित कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।

## महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन पहुंचे हरिद्वार, गंगा में की अस्थि विसर्जन और कथा में हुए शामिल

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा।** हरिशेवा उदासीन आश्रम, भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन हरिद्वार प्रवास के दौरान देवलोकवासी महंत अमृत मुनि (मानसा वाले) की अस्थियों का गंगा में विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अनेक संतों व श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित की और मां गंगा में अस्थि विसर्जन किया। स्वामी हंसराम उदासीन ने श्रीराम शंकर आश्रम के 54वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भी सहभागिता की। व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य डॉ. स्वामी श्रवण मुनि जी ने भक्ति, ज्ञान व वैराग्य पर गूढ़ व्याख्यान प्रस्तुत किया। गंगा आरती के पावन अवसर पर पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के घाट पर दीपों की रौशनी और वेदमंत्रों की गूंज के बीच महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम सहित अनेक संतों ने माँ गंगा की आरती की। इस मौके पर महंत राम नवमी दास, कपिल मुनि, जगदीश दास, रूपेन्द्र प्रकाश सहित अनेक संत उपस्थित रहे।

## बल्लों का खेड़ा ग्रामवासियों ने उपखंड अधिकारी से की शिकायत, कानूनी कार्रवाई की मांग

किस्मत भीलवाड़ा



**राजसमंद ।** जिले के आमेट उपखंड क्षेत्र के बल्लों का खेड़ा गांव के ग्रामीणों ने चार व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर आमेट उपखंड अधिकारी से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि अणछी, बाबुलाल, पप्पुलाल और गिरधारी नामक व्यक्तियों द्वारा नरेगा के तहत बिलानाम भूमि पर हो रहे नाड़ी निर्माण कार्य को जबरन रोक दिया गया है। मजदूरों से गाली-गलौज व धमकी की बात सामने आई है। सरपंच की अनदेखी के चलते ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समाधान की मांग की है।

## गौशाला में टीनशेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन, तहसीलदार बोले - "इंसान के अंदर इंसानियत जरूरी"



किस्मत भीलवाड़ा

**काछोला** द्वारिकाधीश सामुदायिक गौशाला काछोला में 240 फीट लंबे टीनशेड निर्माण कार्य का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार कैलाश चंद्र मीणा ने कहा कि इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। उन्होंने गौ सेवा व पर्यावरण संरक्षण को मानव धर्म बताया। कार्यक्रम में परिंडे भी बांधे गए। इस अवसर पर गौशाला पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन सचिव एन.के. सोनी ने किया।

## मांडलगढ़ साधारण सभा में बैठक छाए बिजली पानी मुद्दे विधायक ने अधिकारी को लगाई फटकार लगाई

साधारण सभा की बैठक में मोजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी



**आकोला** मांडलगढ़ साधारण सभा में बैठक छाए बिजली पानी मुद्दे सोमवार को विधायक गोपाल खंडेलवाल,की उपस्थिति व बैठक में समय पर पहुंचे अधिकारी को लगाई फटकार लगाई बैठक में शहर एवं कस्बे ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती नहीं करने समय पर और विभाग जलापूर्ति के निर्देश दिए चलेगा भूमि पर अतिक्रमण हटाने , वन विभाग विकास कार्य पर चर्चा की गई। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी विधानसभा पंचायत संयोजक अनिल पारीक, भाजपा नेता मनोज सनाढ्य , इस दौरान उपखंड अधिकारी हरि मोहन शर्मा तहसीलदार , अधिशाषी अधिकारी पंचायत समिति विकास अधिकारी संगीता व्यास , बीसीएमओ गोपाल यादव , सहायक अभियंता लेखराज जांगीड़ जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे ।

